# CG: पीवीटीजी परिवारों के लिए मेगा ईवेंट और आईईसी कैंपेन, पीएम मोदी विशेष पिछड़ी जनजातीय लोगों से करेंगे

अमर उजाला
अमर उजाला

ऐड-लाइट अनुभव के लिए अमर उजाला
एप डाउनलोड करें

अभी इनस्टॉल करें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी - फोटो : अमर उजाला

1

विस्तार

Follow Us

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातिय गौरव दिवस के अवसर पर 15 सितंबर को मेगा ईवेंट में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम की पहल पर राज्य में विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबुझमाड़िया एवं बिरहोर बाहुल बसाहटों में राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 23 अगस्त से 10 सितंबर तक मेगा

अभियान चलेगा।

**Trending Videos**

ADVERTISEMENT

अमर उजाला

ऐड-लाइट अनुभव के लिए अमर उजाला
एप डाउनलोड करें

राज्य के 18 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) संचालित है। इन जिलों में आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से आगामी सितम्बर माह में मेगा ईवेंट और आईईसी कैंपेन का आयोजन होगा। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 सितंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी राज्य में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होकर विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के साथ संवाद करेंगे।

विज्ञापन

मंत्री राम विचार नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम जनमन योजना के तहत झारखंड में

अमर उजाला
ऐड-लाइट अनुभव के लिए अमर उजाला
एप डाउनलोड करें

सभी पीवीटीजी बसाहटों में तात्कालिक गतिविधियों की शत-प्रतिशत संतृप्ति की जानी है। लाभार्थी संतृप्ति शिविर गहन रूप से सभी पीवीटीजी बसाहटों, जिलों में चलाए जाएंगे। इस लाभार्थी संतृप्ति शिविर का मुख्य फोकस यूआईडीएआई के तहत नामांकन एवं आधार कार्ड जारी करना पीएम जनधन के तहत बैंक खाता खोलना, सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाना, सभी पीवीटीजी को सामुदायिक प्रमाण पत्र जारी कर वन अधिकार पत्र जारी करना तथा पीवीटीजी बसाहटों में सिकल सेल बीमारी की जांच आदि कार्य किए जाएंगे। पीएम-जनमन के अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों जैसे प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), संपर्क सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, नल से जल, विद्युतिकरण आदि की जानकारी दी जाएगी।

प्रदेश में भारत सरकार द्वारा घोषित 05 विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह क्रमशः बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर जनजाति समूहों तथा बसाहटों के त्वरित विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना क्रियान्वित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इन वर्गों का समग्र विकास करने के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार मिलकर लगातार प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है कि भारत सरकार द्वारा इन वर्गों के उत्थान के लिए प्रारंभ किया गया यह महाअभियान अल्प समय में ही लोकप्रिय हो रहा है।

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

## ये भी पढ़ें...

Kanker: महिला का कंकाल मिलने से मची सनसनी, पास में मिलीं टूटी चूड़ियां और चांदी के पायल